# मेरठ के खेल उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाएगा फिक्की

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ:** फेडरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने मेरठ के खेल उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस संदर्भ में फिक्की की खेल समिति के प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात कर राज्य में खेल उद्योग पार्क और नीति बनाने का सुझाव दिया है। साथ ही कहा कि मेरठ के खेल उद्यमियों का सुझाव है कि मेड इन चाइना की तरह खेल उद्योग में मेड इन मेरठ का नाम हो।

गुरुवार को पिकअप भवन में फिक्की की खेल उप समिति उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष डा. कनिष्क पांडेय की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक विकास मंत्री से मुलाकात की।

फिक्की खेल समिति के अपर निदेशक अर्निबन दत्ता व सह अध्यक्ष रचना गोविल ने कहा कि मेरठ के खेल उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास सरकार के स्तर पर किए जाने चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि राज्य में एक खेल उद्योग पार्क की स्थापना की जाए।